# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

## कार्यालय आदेश

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक) से प्राप्त पीत पत्र के आलोक में बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण एवं परीक्षा बोर्ड (BBOSE) के उच्चतर माध्यमिक (12वीं) परीक्षा जून, 2026 की प्रायोगिक परीक्षा **दिनांक 25.07.2026 से 28.07.2026** तक तथा सैद्धांतिक विषयों की परीक्षा **दिनांक 31.07.2026 से 18.08.2026** तक एवं माध्यमिक (10वीं) परीक्षा, जून, 2026 की प्रायोगिक परीक्षा **दिनांक 25.07.2026 से 28.07.2026** तक तथा सैद्धांतिक विषयों की परीक्षा **दिनांक 31.07.2026 से 12.08.2026** तक दोनों पालियों में निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर संचालित होगी।

2. उपर्युक्त परीक्षा संचालित होने के क्रम में परीक्षार्थियों, उनके अभिभावक, अध्ययन केन्द्र को–ऑर्डिनेटर/परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षकों, जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा अन्य व्यक्तियों से प्राप्त सूचना/शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी/प्रशाखा पदाधिकारी/प्रशाखा को सूचना प्रेषित करने तथा निराकरण/शिकायतों के निदान की सूचना, सूचनाकर्त्ता/शिकायतकर्त्ता को दूरभाष पर प्राप्त कराने हेतु एक नियंत्रण कक्ष समिति (मुख्य भवन) अवस्थित बज्रगृह के समीपस्थ उत्तर में स्थित एनेक्सी भवन के भूतल पर स्थापित किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष **दिनांक 24.07.2026 से 18.08.2026** तक की अवधि में प्रत्येक दिन पूर्वाह्न 06:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक दो पालियों में कार्यरत रहेगा। प्रथम पाली में **श्री उमेश कुमार सिंह, उप परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक), मो0 नं0–7979815223 तथा द्वितीय पाली में श्री प्रभात कुमार पंकज, उप परीक्षा नियंत्रक (उच्च माध्यमिक) मो0 नं0–7061281841** नियंत्रण कक्ष के प्रभारी पदाधिकारी रहेंगे।

3. नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त कर्मचारी आवश्यकतानुसार प्रशाखा पदाधिकारी, केन्द्रीय (माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक)/परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक) को उनके दूरभाष पर सूचना दे सकते हैं।

4. नियंत्रण कक्ष में निम्नांकित कर्मचारियों को पालीवार प्रतिनियुक्त किया जाता है।

**प्रथम पाली – प्रातः 06.00 बजे से 02:00 बजे अपराह्न तक**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री महावीर पंडित, सहायक (संविदा) | 7909041800 |
| 2 | श्री अमित पासवान, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर (BBOSE) | 6202861190 |
| 3 | श्री प्रदीप कुमार–2, पदचर | 9934791569 |

**द्वितीय पाली – 02:00 बजे अपराह्न से 10:00 बजे रात्रि तक**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री राम प्रसाद कुशवाहा, सहायक | 9308936130 |
| 2 | श्री नितीश कुमार, डाटा इन्ट्री ऑपरेटर (BBOSE) | 9473380046 |
| 3 | सैयद फिरोज करीम, सी0आर0एस0 | 9955774077 |

5. प्रतिनियुक्त कर्मी निम्नवत रूप में एक पंजी भी संधारित करेंगे।

| क्र0 सं0 | तिथि | समय | किनको फोन किया गया तथा किनसे सूचना प्राप्त किया गया | सूचना का विषय | की गई कार्रवाई | अभियुक्ति | सहायक का हस्ताक्षर | प्रभारी पदाधिकारी का हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |

6. निराकरण/निदान का अर्थ यह होगा कि सूचना/शिकायतों की विवेचना करके उसपर नियमानुसार अविलंब अपेक्षित कार्रवाई करना है।

7. नियंत्रण कक्ष में दूरभाष नं0 0612–2232227 तथा 0612–2232257 उपलब्ध रहेगा।

8. अवधायक (मुख्य भवन) नियंत्रण कक्ष में उपस्कर आदि आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

सचिव
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

ज्ञापांक: स्था0 प्रे0 731 /2026 पटना, दिनांक 18/07/2026

प्रतिलिपि: परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक)/उप परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक)/उप सचिव, केन्दीय (उच्च माध्यमिक)/जन संपर्क पदाधिकारी/उप निदेशक, आई0टी0 (माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक)/प्रशाखा पदाधिकारी, केन्द्रीय (माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक)/अवधायक (मुख्य भवन) एवं प्रतिनियुक्त कर्मियों को सूचनार्थ तथा आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सचिव

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

ज्ञापांक: स्था0 प्रे0 731 /2026 पटना, दिनांक 18/07/2026

प्रतिलिपि: अध्यक्ष/सचिव के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

18/07/26 18.7.26